**खास-खबरें**

## वार्नर की जगह पर कैमरून बैनक्रॉफ्ट की निगाह



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कैमरून बैनक्रॉफ्ट ने डेविड वार्नर के टेस्ट संन्यास के बाद सलामी बल्लेबाज के लिए अपना दावा पेश करते हुए कहा कि इस स्थान के लिए किसी विशेषज्ञ को ही चुना जाना चाहिए। वार्नर ने पहले ही घोषणा कर रखी है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के बाद खेल के इस प्रारूप को अलविदा कह देंगे। ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनकी जगह लेने के लिए बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस, मैट रेनशा के अलावा कैमरन ग्रीन को भी दावेदार माना जा रहा है। बैनक्रॉफ्ट ने कहा, मैं पिछले 10 वर्षों से शील्ड क्रिकेट में पारी का आगाज कर रहा हूं। यह बल्लेबाजी के लिए आसान स्थान नहीं है। इससे कई चुनौतियां जुड़ी हुई हैं। मेरा मानना है कि यह स्थान विशेषज्ञ के लिए होता है। उन्होंने कहा, 'पिछले 12 महीनों में मेरी चयनकर्ताओं से कुछ अवसरों पर बातचीत हुई और मैं उनसे पूछा कि मुझे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने के लिए क्या करना चाहिए।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 'अनकैप्ड अयूब को उतारेगा पाकिस्तान



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तीन जनवरी से सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में 21 साल के 'अनकैप्ड (कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला) सलामी बल्लेबाज सईम अयूब को खिलाने की उम्मीद है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक की धीमी बल्लेबाजी की आलोचना हो रही है जिससे टीम प्रबंधन ने आखिरकार अयूब को मौका देने का फैसला किया है। इस युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस साल आठ टी-20 मैच खेले हैं जबकि उन्होंने प्रथम श्रेणी के केवल 14 मैच ही खेले हैं। श्रृंखला के पहले दो टेस्ट चार दिन के अंतर खत्म हो गए थे तो टीम प्रबंधन अयूब के साथ जोखिम लेने के लिए तैयार है।

# नेट पर बल्लेबाजी करते हुए शार्दुल के कंधे में चोट लगी

**केपटाउन (एजेंसी)। भारतीय टीम को शनिवार को झटका लगा जब गेंदबाज आल राउंडर शार्दुल ठाकुर को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए कंधे में चोट लग गयी। ऐसी संभावना है कि वह तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पायेंगे लेकिन उनकी चोट की गंभीरता स्कैन से पता चल पायेगी, अगर इसकी जरूरत पड़ेगी।**

इस समय यह पुष्टि नहीं हो सकी कि उनकी चोट के लिए स्कैन की जरूरत है या नहीं। लेकिन ठाकुर को काफी परेशानी हो रही थी और वह नेट सत्र के दौरान गेंदबाजी भी नहीं कर सके। ठाकुर थ्रोडाउन नेट में सबसे पहले पहुंचने वाले खिलाड़ी थे और जब वह क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप से थ्रोडाउन से



गेंद का सामना कर रहे थे तो उनके बायें कंधे में गेंद लग गयी। यह नेट सत्र शुरू होने के 15 मिनट के बाद हुआ। ठाकुर शॉर्ट गेंद का बचाव नहीं कर सके जैसा वह पहले टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान हुआ था। वह गेंद लगते ही दर्द से चिल्ला उठे।

लेकिन आल राउंडर ने नेट पर बल्लेबाजी जारी रखी। बल्लेबाजी खत्म करने के बाद फिजियो ने उनके कंधे के चारों ओर आइस पैक लगाया और उन्होंने फिर नेट में कोई अभ्यास नहीं किया। यह हल्की चोट हो सकती है लेकिन यह देखना होगा कि चोट कितनी जल्दी ठीक होती है। ठाकुर ने पहले टेस्ट में महज 19 ओवर में 100 से ज्यादा रन दिये थे और वह बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

## दूसरे टेस्ट मैच के लिए रोहित का फोकस मुकेश पर



**पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारतीय टीम के लिए सुपरस्पोर्ट पार्क पर शनिवार को अभ्यास सत्र वैकल्पिक था लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने जमकर पसीना बहाया।**

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में रोहित को आउट किया था। यहां दो घंटे तक हुए अभ्यास सत्र में रोहित ने बतौर कप्तान और बल्लेबाज भाग लिया। रोहित का फोकस तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंदों का सामना करने पर था जिन्होंने 45 मिनट तक सिर्फ भारतीय कप्तान को गेंदबाजी की। फिट होकर लौटे रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अिन ने भी उसी नेट में अभ्यास किया। थ्रोडाउन विशेषज्ञ दयानंद गरानी ने भी रोहित को आफ स्टम्प पर गेंद डाली। अभ्यास के दौरान रोहित ने मुकेश से कहा, हवा में अंदर आ रहा है पर कोशिश कर एंगल से अंदर लाने का।' बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने जब उनसे पूछा, 'तू इस नेट पे आयेगा' तो उन्होंने कहा, नहीं यही पर और दस मिनट बल्लेबाजी करूंगा।'

रोहित ने मुकेश को अतिरिक्त समय दिया और कुछ टिप्स भी दिये। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुकेश पिछले तीन साल में दो बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची बंगाल टीम के इस प्रदर्शन के सूत्रधारों में रहे हैं। पहले टेस्ट में नाकाम रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को फिर मौका मिलता है तो यह हैरानी की बात होगी। प्रसिद्ध ने नेट पर किसी बल्लेबाज को गेंदबाजी नहीं की और वह सही लैंग्थ तलाशने के लिये मेहनत करते रहे। गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने अकेले उन पर 75 मिनट दिये। वहीं रविंद्र जडेजा ने काफी समय गेंदबाजी और बल्लेबाजी की और वह पूरी तरह फिट दिखे। उन्होंने अिन के साथ करीब 45 मिनट गेंदबाजी की। बल्लेबाजी के दौरान शार्दुल ठाकुर को बायें कंधे में चोट लगी जब वह फील्डिंग कोच टी दिलीप के थ्रोडाउन का सामना कर रहे थे। अभ्यास के बाद वह आइस पैक लगाकर बैठे दिखे।

# शुभमन टेस्ट में आक्रामकता पर अंकुश लगाएं: गावस्कर

**सेंचुरियन (एजेंसी)। अपने समय के दिग्गज टेस्ट बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट की तुलना में टेस्ट में अंतर होता है और इस प्रारूप में बेहतर करने के लिए शुभमन गिल को अपनी बल्लेबाजी की आक्रामकता पर अंकुश लगाना चाहिए।**



गावस्कर ने कहा कि मुझे लगता है कि गिल टेस्ट क्रिकेट में कुछ ज्यादा ही आक्रामक तरीके से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आप टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट की तुलना में टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं तो इसमें थोड़ा अंतर होता है। अंतर गेंद में होता है। उन्होंने कहा कि लाल गेंद हवा में और पिच के बाहर भी सफेद गेंद की तुलना में थोड़ी अधिक घूमती है। यह थोड़ी अधिक उछाल भी लेती है। उन्हें इसे ध्यान में रखना चाहिए। गावस्कर ने कहा कि शुभमन गिल ने अपने करियर की शुरुआत बहुत अच्छी की और हमने उनके शॉट्स की सराहना की। हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि वह अपनी फॉर्म में वापस आ जाएं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि वह कड़ी मेहनत करेगा और भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेगा।


उल्लेखनीय है कि गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में पहले टेस्ट में लगातार असफलताओं का सामना करना पड़ा। जब वह दिन की शुरुआत में पहली पारी में नांद्रे बर्गर की एक वाइड डिलीवरी पर शॉट लगाने का प्रयास कर रहे तो उनका कैच पकड़ लिया गया था और जब उन्होंने दूसरी पारी में लाइन के पार खेलने की प्रयास किया तो मार्को जानसन ने उन्हें आउट कर दिया। तीसरे नंबर पर उनका स्कोर दो और 26 रहा था। इस वर्ष गिल ने सफेद गेंद के प्रारूप में 63.36 के औसत और 105.45 के स्ट्राइक रेट से एकदिवसीय मुकाबलों में 1584 रन, वहीं टी-20 में 44.51 की औसत से 154.30 के स्ट्राइक रेट से 1202 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपनी 10 पारियों में जब वह 30 के ऊपर पहुंचे तो एक ही बार अहमदाबाद की पाटा विकेट पर ऑस्ट्रेकलिया के खिलाफ शतक लगाया। गावस्क र ने कहा कि शुभमन ने अपने करियर की शुरुआत बेहतरीन की थी और हमने उनके शॉट्स की तारीफ की। हम बस यही उम्मीरद करते हैं कि वह जल्दीप ही फॉर्म में लौटें। उम्मीीद है वह बेहतर ट्रेनिंग करेंगे और भविष्ये में अच्छा करेंगे।

## केपटाउन में होगी भारतीय तेज गेंदबाजों की परीक्षा: डोनाल्ड



**केपटाउन (एजेंसी)।** महान क्रिकेटर एलेन डोनाल्ड का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के दौरान गेंदबाजी के लिए अच्छी पिच पर भारतीय तेज गेंदबाज संयमित नहीं थे और न्यूलैंड्स में बल्लेबाजों के मुफीद पिच पर उन्हें इसकी काफी ज्यादा जरूरत होगी जिस पर स्पिनरों की भूमिका नहीं के बराबर होगी। भारत को सेंचुरियन की पिच पर पहले टेस्ट में पारी और 32 रन से हार का सामना करना पड़ा जिस पर तेज उछाल और काफी लेटरल मूवमेंट था। अपनी पीढ़ी के खतरनाक तेज गेंदबाजों में शुमार डोनाल्ड ने कहा कि मैं जानता हूं कि दक्षिण अफ्रीका ने शायद परिस्थितियों को बेहतर तरीके से पढ़ा, इसमें कोई शक नहीं है। उन्होंने गेंद पांच या 5.5 मीटर तक पिच की और पिच को अपना काम करने दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन उन्होंने एक चीज भारत से बेहतर की, वे इस चीज में काफी संयमित रहे और उन्होंने दूसरी पारी में शॉर्ट गेंद का थोड़ा अधिक इस्तेमाल किया। डोनाल्ड ने महज 72 टेस्ट में 330 विकेट चटकाये हैं और उन्हें लगता है कि भारतीय गेंदबाज चीजें होने का इंतजार कर रहे थे।

# हॉकी इंडिया ने 5 एस विश्वकप के लिए महिला और पुरुष टीम की घोषणा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी 5 विश्वकप के लिए रविवार को महिला और पुरुष टीम की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने आज यहां कहा कि सिमरनजीत सिंह पुरुष और रजनी इतिमारपु महिला टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि हॉकी5 महिला विश्वकप 24 से 27 जनवरी तक तथा पुरुषों की प्रतियोगिता 28 जनवरी से 31 जनवरी तक होगी।

उन्होंने बताया कि भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अनुभवी गोलकीपर रजनी एतिमारपु करेंगी और उप कप्तान डिफेंडर महिमा चौधरी को बनाया गया है। दूसरे गोलकीपर के रूप में बंसारी सोलंकी और डिफेंडर के रूप में अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति छत्री शामिल हैं। मिडफील्डरों में मारियाना कुजूर और मुमताज खान को नामित किया गया है जबकि अजमीना कुजूर, रुताजा दादासो पिसल और दीपिका सोरेंग को फॉरवड के रूप में नामित किया गया है। एफआईएच हॉकी 5 एस महिला विश्वकप 2024 में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। भारतीय महिला टीम को नामीबिया, पोलैंड और अमेरिका के साथ पूल सी में रखा गया है। पूल ए में फिजी, मलेशिया, नीदरलैंड और मेजबान ओमान हैं जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया हैं और पूल डी में न्यूजीलैंड, पराग्वे, थाईलैंड और उरुग्वे है।

टीम के चयन पर कोच सौंदर्या ने कहा, टीम में युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिनके पास पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और हॉकी 5 के विश्वकप जैसे प्रतिष्ठित आयोजन में खेलने की चुनौतियों की समझ है। हम अच्छी तरह से तैयार हैं और टूर्नामेंट से पहले उत्साहित हैं। इस बीच भारतीय पुरुष टीम में अनुभवी फारवर्ड सिमरनजीत सिंह, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, डिफेंडर मनदीप मोर के साथ टीम का नेतृत्व करेंगे। गोलकीपर सूरज करकेरा और प्रशांत कुमार चौहान, डिफेंस में मंजीत के साथ मंदीप मोर भी शामिल होंगे।



## मैगनस कार्लसन सातवीं बार बने विश्व ब्लिट्ज़ शतरंज चैम्पियन

**समरकन्द(एजेंसी)।** नॉर्वे के मैगनस कार्लसन नें एक और इतिहास रचते हुए विश्व रैपिड के बाद विश्व ब्लिट्ज़ का खिताब भी अपने नाम कर लिया । शतरंज के इन दोनों फटाफट फॉर्मेट रैपिड और ब्लिट्ज़ के दोहरे खिताब पिछले साल भी कार्लसन ने ही अपने नाम किए थे और एक बार फिरसे उन्होने यह साबित कर दिया की कार्लसन से बड़ा खिलाड़ी फिलहाल तो कोई नहीं है । कार्लसन नें 21 राउंड के ब्लिट्ज़ टूर्नामेंट में 16 अंक बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता ,इस दौरान उन्होने 12 मुक़ाबले जीते तो 8 ड्रॉ खेले जबकि उन्हे एकमात्र हार फ्रांस के मकसीम लागरेव के हाथो मिली । कार्लसन नें इससे पहले 2009 , 2014, 2017, 2018, 2019, 2022 में यह खिताब अपने नाम किया था । 15.5 अंक बनाकर रूस के डेनियल डुबोव नें रजत तो रूस के ही आर्टेमिव ब्लादिस्लाव नें 15 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया।

# न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित मैच में बांग्लादेश को 17 रन से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर



**माउंट मोनगानुई (एजेंसी)। बांग्लादेश को न्यूजीलैंड टी-20 श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले में बारिश के कारण डकवर्थ लुईश नियम के तहत रविवार को 17 रन से हार का सामना करना पड़ा है। इसके ही बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज बराबरी पर रही। इससे बांग्लादेश की न्यूजीलैंड में पहली श्रृंखला जीतने की उम्मीद टूट गयी और तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर रही।**

आज यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने तीसरे टी-20 मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के आगे संघर्ष करती देखी गई और पूरी टीम 19.2 ओवर में 110 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने सबसे अधिक 17 रन बनाए। तौहीद ने 16, आफिफ हुसैन ने 14 रन जोड़े। बंगलादेश का कोई भी खिलाड़ी 20 रन के स्कोर को छू भी नहीं पाया और उसके छह खिलाड़ी 10 रन से कम के स्कोर पर आउट हो कर पवेलियन लौट गये।न्यूजीलैंड की ओर से कप्तान मिचेल सेंटनर ने चार ओवर में 16 रन देकर चार बल्लेबाजों को आउट किया। टिम साउदी, बेन सियर्स और एडम मिल्ने को एक-एक विकेट मिला। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत बेहद खराब रही। एक समय न्यूजीलैंड ने 49 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। उसके चार खिलाड़ी एक-एक रन बनाकर आउट हुये। उसके बाद कप्तान सेंटनर ने जिमी नीशम के साथ पारी को संभाला। फिन एलेन ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 38 रन बनाए। जिमी नीशम 28 रन और कप्तान सेंटनर 18 रन बनाकर नाबाद रहे। जब टीम का स्कोर 14.4 ओवर में पांच विकेट पर 95 रन तक पहुंचा दिया था। उसी समय बारिश शुरू होने के कारण आगे खेल नहीं हो सका।

# वार्नर सिडनी में विदाई के लिए तैयार, ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक ओपनर बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में होने वाला तीसरा टेस्ट मैच उनके करियर का आखिरी टेस्ट मैच होगा, क्योंकि उन्होंने इस सीरीज के खत्म होने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है।

डेविड वार्नर को उनके गृहनगर में टेस्ट क्रिकेट से विदाई दी जाएगी, क्योंकि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में 3 जनवरी से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए अपरिवर्तित ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। वार्नर ने जून में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले कहा था कि वह ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान के बीच तीसरे टेस्ट के दौरान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना टेस्ट करियर समाप्त करना चाहते हैं।



ऑस्ट्रेलिया के पास तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त है, इसका मतलब है कि टीम अपरिवर्तित है और वार्नर, जिन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट में 164 रन बनाए थे, आखिरकार उनकी इच्छा पूरी हो जाएगी। अपरिवर्तित टीम का मतलब यह भी है कि स्कॉट बोलैंड ने चौथे तेज गेंदबाजी विकल्प के रूप में ऑस्ट्रेलिया टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है, जबकि तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन भी टेस्ट ग्रुप का हिस्सा बने हुए हैं। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, एनएसपी ने मेलबर्न से सिडनी तक उसी टीम को बरकरार रखा है क्योंकि हम टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप करना चाहते हैं। हम डेविड वार्नर के अंतिम टेस्ट मैच और उनके घरेलू मैदान पर उनके अविश्वसनीय करियर का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हैं। 2011 में अपने पदार्पण के बाद से 111 टेस्ट मैचों में, वार्नर ने 44.6 की औसत से 8695 रन बनाए हैं, जिसमें 26 शतक और 36 अर्द्धशतक शामिल हैं, जो कम समय में प्रतिद्वंद्वी से खेल छीनने में सक्षम साबित होते हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, मुझे यकीन है कि हर कोई डेवी के लिए या ईमानदारी से रिटायर होने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यही देखना चाहेगा, लेकिन यह कई लोगों के साथ नहीं होता है।

## 2024 में धमाकेदार वापसी करेंगे पंत:नासिर



**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अगले साल सफल वापसी करेंगे। पिछले साल के अंत में कार दुर्घटना के बाद से पंत क्रिकेट से दूर हैं, लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज काफी सुधार कर रहा है और अगले साल मैदान पर वापसी करने की संभावना है। हुसैन ने हमेशा पंत और उनकी आक्रामक शैली की प्रशंसा की है और उन्हें उम्मीद है कि 26 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी 2024 में वापस आकर बदलाव लाएगा। हुसैन ने कहा कि वह एक गंभीर दुर्घटना थी। पूरी दुनिया ने अपनी सांसें रोक ली थीं और उसमें धीमी गति से सुधार हुआ है। आप सोशल मीडिया पर, मेरे फोन पर और शुरुआती कदमों से लेकर जिम के दृश्यों और फिर उनके खेलते हुए दृश्यों को फॉलो करते हैं। क्रिकेट का थोड़ा सा हिस्सा, रिकी (पोंटिंग) के साथ उनके दृश्य। मैंने एशेज में गर्मियों में रिकी के साथ यात्रा की थी, और रिकी उसे संदेश भेज रहा था कि प्रगति कैसी चल रही है और वह एक बॉक्स ऑफिस क्रिकेटर है।

**एलएसजी कोच लैंगर ने राहुल की जमकर तारीफ की, कहा-**

# उनके जैसा कप्तान पाकर धन्य महसूस करता हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और वर्तमान लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) कोच जस्टिन लैंगर ने अपने फ्रेंचाइजी कप्तान और भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल की प्रशंसा करते हुए उन्हें अच्छा, सुरुचिपूर्ण दिखने वाला खिलाड़ी कहा।



एलएसजी के आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में लैंगर ने केएल की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें कप्तान के रूप में पाकर वह भाग्यशाली हैं। लैंगर ने कहा, %जब मैं एक ऑस्ट्रेलियाई कोच था और हमारे पास भारत के खिलाफ श्रृंखला थी, तो मैं तब तक आराम नहीं करता था जब तक कि विराट कोहली और केएल राहुल आउट नहीं हो जाते। क्योंकि वह (राहुल) बहुत खतरनाक खिलाड़ी है और वह बहुत अच्छे दिखने वाला खिलाड़ी है। लैंगर ने कहा कि राहुल स्पिन और गति के खिलाफ समान रूप से अच्छे हैं। उन्होंने कहा, %उनके पास अनुभव है। वह मैदान के दोनों तरफ खेल सकते हैं। वह स्पिन और तेज गेंदबाजी को अच्छी तरह से खेलते हैं। मैं वास्तव में आभारी हूं और केएल राहुल जैसा कप्तान पाकर धन्य महसूस करता हूं। मैं इसे लेकर (केएल राहुल के साथ टीम बनाकर) उत्साहित हूं।

केएल के लिए बल्ले से 2023 अच्छा रहा क्योंकि उन्हें मध्यक्रम के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में अपनी एक नई पहचान मिली। इस साल 30 मैचों में केएल ने 57.28 की औसत से 1,203 रन बनाए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 111* रहा। उन्होंने इस साल तीन शतक और सात अर्द्धशतक लगाए। वनडे केएल का सबसे मजबूत प्रारूप था जिसमें 27 मैचों और 24 पारियों में 66.25 की औसत से 1,060 रन बनाए। इसमें दो शतक और सात अर्द्धशतक शामिल थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 111* था। केएल अपने द्वारा खेले गए तीन टेस्ट मैचों में बहुत निरंतर नहीं थे, उन्होंने पांच पारियों में 28.60 की औसत से 143 रन बनाए जिसमें 101 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। उन्होंने एक शतक सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वापसी टेस्ट में लगाया था।